**Roll No. ..................................**

**O. M. R. Serial No.** | | | | | | | | |

Question Booklet Number

# M. A. (Second Semester) (NEP) EXAMINATION, 2022-23

HINDI

## (Hindi Natak tatha Ekanki)

| **Paper Code** | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | 0 | 1 | 0 | 8 | 0 | 2 | T |

Questions Booklet Series

**A**

*Time : 1:30 Hours* ]  [ *Maximum Marks : 75*

**Instructions to the Examinee :**

1. Do not open the booklet unless you are asked to do so.
2. The booklet contains 100 questions. Examinee is required to answer 75 questions in the OMR Answer-Sheet provided and not in the question booklet. All questions carry equal marks.
3. Examine the Booklet and the OMR Answer-Sheet very carefully before you proceed. Faulty question booklet due to missing or duplicate pages/questions or having any other discrepancy should be got immediately replaced.

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :

1. प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक आपसे कहा न जाए।
2. प्रश्न-पुस्तिका में 100 प्रश्न हैं। परीक्षार्थी को 75 प्रश्नों को केवल दी गई OMR आन्सर-शीट पर ही हल करना है, प्रश्न-पुस्तिका पर नहीं। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रश्नों के उत्तर अंकित करने से पूर्व प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR आन्सर-शीट को सावधानीपूर्वक देख लें। दोषपूर्ण प्रश्न-पुस्तिका जिसमें कुछ भाग छपने से छूट गए हों या प्रश्न एक से अधिक बार छप गए हों या उसमें किसी अन्य प्रकार की कमी हो, तो उसे तुरन्त बदल लें।

**(Remaining instructions on the last page)**

(शेष निर्देश अन्तिम पृष्ठ पर)

***(Only for Rough Work)***

1. भारतेन्दु हरिशचन्द्र द्वारा रचित 'भारत दुर्दशा' नाटक का रचनाकाल है :

(A) 1868

(B) 1875

(C) 1880

(D) 1886

2. छायावादी कवि जयशंकर प्रसाद का जन्म हुआ था :

(A) 1897 में

(B) 1889 में

(C) 1900 में

(D) 1886 में

3. निम्नलिखित में से किस लेखक का सम्बन्ध नई कविता से है ?

(A) प्रेमचन्द

(B) मोहन राकेश

(C) जयशंकर प्रसाद

(D) रामधारी सिंह 'दिनकर'

4. 'भारत दुर्दशा' नाटक में अंकों की संख्या है :

(A) 4 अंक

(B) 5 अंक

(C) 6 अंक

(D) 8 अंक

5. दुनिया में हाथ-पैर हिलाना नहीं अच्छा
मर जाना पै उठके कहीं जाना नहीं अच्छा।
उपर्युक्त पंक्ति किस नाटक की है ?

(A) भारत दुर्दशा

(B) ध्रुवस्वामिनी

(C) आषाढ़ का एक दिन

(D) चन्द्रगुप्त

6. "मैंने भावना में एक भावना का वरण किया है। मेरे लिए वह सम्बन्ध और सब सम्बन्धों से बड़ा है।" यह कथन किस नाटक से लिया गया है ?

(A) ध्रुवस्वामिनी

(B) भारत दुर्दशा

(C) लहरों के राजहंस

(D) आषाढ़ का एक दिन

7. 'कविवचन सुधा' पत्रिका के सम्पादक हैं :

(A) प्रतापनारायण मिश्र

(B) बालकृष्ण भट्ट

(C) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(D) प्रेमधन

8. भारतेन्दु हरिशचन्द्र ने 'बालाबोधिनी' पत्रिका का सम्पादन किया :

(A) वृद्धों के उपकार हेतु

(B) स्त्रियों के उपकार हेतु

(C) पुरुषों के उपकार हेतु

(D) बच्चों के उपकार हेतु

9. मोहन राकेश का जन्म कब हुआ था ?

(A) 1924 ई.

(B) 1925 ई.

(C) 1926 ई.

(D) 1927 ई.

10. 'आखिरी चट्टान तक' के लेखन हैं :

(A) धर्मवीर भारती

(B) राहुल सांकृत्यायन

(C) अज्ञेय

(D) मोहन राकेश

11. 'कितना अनुभूतिपूर्ण था, वह एक क्षण का आलिंगन !' यह कथन किस नाटक का है ?

(A) आषाढ़ का एक दिन

(B) ध्रुवस्वामिनी

(C) सिन्दूर की होली

(D) लहरों के राजहंस

12. जयशंकर प्रसाद की अंतिम पूर्ण नाट्य रचना कौन-सी है ?

(A) चन्द्रगुप्त

(B) अजातशत्रु

(C) ध्रुवस्वामिनी

(D) स्कन्दगुप्त

13. निम्नलिखित में से कौन-सा पात्र 'भारत दुर्दशा' नाटक का नहीं है ?

(A) आशा

(B) चिंता

(C) आलस्य

(D) अंधकार

14. शकराज पर आक्रमण करने का प्रस्ताव कौन रखता है ?

(A) रामगुप्त

(B) ध्रुवस्वामिनी

(C) मंदाकिनी

(D) चन्द्रगुप्त

15. 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक में गीतों की संख्या है :

(A) 3 गीत

(B) 4 गीत

(C) 5 गीत

(D) 6 गीत

16. "प्रेम का नाम न लो ! वह एक पीड़ा थी जो छूट गई। उसकी कसक भी धीरे-धीरे दूर हो जाएगी।" यह किस नाटक का कथन है ?

(A) आषाढ़ का एक दिन

(B) चन्द्रगुप्त

(C) ध्रुवस्वामिनी

(D) आधे-अधूरे

17. ‘ध्रुवस्वामिनी’ नाटक का प्रारंभ किसके संवाद से होता है ?

(A) ध्रुवस्वामिनी-खड़्गधारिणी

(B) ध्रुवस्वामिनी-प्रतिहारी

(C) प्रतिहारी-रामगुप्त

(D) ध्रुवस्वामिनी-रामगुप्त

18. रामगुप्त के शिविर को किसने दोनों ओर से घेर लिया था ?

(A) हूणों ने

(B) यवनों ने

(C) अंग्रेजों ने

(D) शकों ने

19. ‘ध्रुवस्वामिनी’ नाटक में ‘नीतिशास्त्र’ का वृहस्पति किसे कहा गया है ?

(A) रामगुप्त

(B) चन्द्रगुप्त

(C) शकराज

(D) शिखरस्वामी

20. ‘क्लीव’ शब्द का सही अर्थ है :

(A) जिसे युद्ध करने में भय लगता हो

(B) जो दिन-रात मदिरापान करता हो

(C) जिसे अपनी पत्नी को दूसरे की अंकगामिनी बनने के लिए भेजने में संकोच न हो

(D) विलासियों के साथ मदिरापान में उन्मत रहता हो

21. ‘आषाढ़ का एक दिन’ नाटक में अंकों की संख्या कितनी है ?

(A) 2 अंक

(B) 4 अंक

(C) 3 अंक

(D) 5 अंक

22. ‘ध्रुवस्वामिनी’ नाटक में किस पात्र को धर्मशास्त्र का मुख कहा गया है ?

(A) शिखरस्वामी

(B) रामगुप्त

(C) पुरोहित

(D) मिहिरदेव

23. अनुस्वार और अनुनासिक किस नाटक के पात्र हैं ?

(A) ध्रुवस्वामिनी

(B) आषाढ़ का एक दिन

(C) आधे-अधूरे

(D) स्कन्दगुप्त

24. ‘ध्रुवस्वामिनी’ नाटक में किस समस्या का चित्रण किया गया है ?

(A) दहेज प्रथा की समस्या

(B) सती प्रथा की समस्या

(C) बेमेल विवाह की समस्या

(D) कामाध्यात्म की समस्या

25. 'भारतदुर्दशा' नाटक का नायक कौन है ?

(A) भारत

(B) भारत दुर्देव

(C) भारत भाग्य

(D) भारतमाता

26. छायावादी कवि जयशंकर प्रसादकृत 'कामायनी' है :

(A) खण्डकाव्य

(B) गीतिकाव्य

(C) नाट्यकाव्य

(D) महाकाव्य

27. प्रेम और सौन्दर्य के कवि जयशंकर प्रसादकृत 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक का रचनाकाल है :

(A) 1928 ई.

(B) 1931 ई.

(C) 1933 ई.

(D) 1936 ई.

28. "ब्राह्मण केवल धर्म से भयभीत है। अन्य किसी शक्ति को वह तुच्छ समझता है।" यह कथन किस नाटक का है ?

(A) चन्द्रगुप्त

(B) ध्रुवस्वामिनी

(C) आषाढ़ का एक दिन

(D) लहरों के राजहंस

29. दन्तुल कौन है ?

(A) एक कवि

(B) ग्राम-पुरुष

(C) राजपुरुष

(D) अधिकारी

30. कालिदास की किस रचना को पढ़कर उज्जयिनी के सम्राट ने कालिदास को राजकवि का आसन प्रदान किया ?

(A) मेघदूतम्

(B) अभिज्ञानशाकुन्तलम्

(C) कुमारसंभवम्

(D) ऋतुसंहार

31. "किसी सम्बन्ध से बचने के लिए अभाव जितना बड़ा कारण होता है, अभाव की पूर्ति उससे बड़ा कारण बन जाती है।" यह कथन किस नाटक से सम्बन्धित है ?

(A) भारत दुर्दशा

(B) आषाढ़ का एक दिन

(C) चन्द्रगुप्त

(D) ध्रुवस्वामिनी

32. निम्नलिखित में से किस नाटक में पुरुष की अहंवृत्ति की शिकार स्त्री की दयनीय दशा का उद्‌घाटन किया गया है ?

(A) ध्रुवस्वामिनी

(B) सिंदूर की होली

(C) राज्यश्री

(D) आषाढ़ का एक दिन

33. कवि कालिदास कहाँ का शासन सँभालते थे ?

(A) उज्जैन

(B) मगध

(C) काश्मीर

(D) अवध

34. देव मातृगुप्त के नाम से किसे जाना जाता है ?

(A) कालिदास

(B) मिहिरदेव

(C) आचार्य वररुचि

(D) शिखरस्वामी

35. देवी प्रियंगुमंजरी थी :

(A) राजमहिबी

(B) गुप्त वंश दुहिता

(C) परम विदुषी

(D) उपर्युक्त सभी

36. सामुद्रिक का अर्थ है :

(A) समुद्र के तट से

(B) ज्योतिष से

(C) समुद्र की लहरों से

(D) अभिनय से

37. 'अंधेरे बंद कमरे' उपन्यास के लेखक हैं :

(A) मोहन राकेश

(B) कमलेश्वर

(C) धर्मवीर भारती

(D) अज्ञेय

38. 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक में नायक का प्रतिद्वन्द्वी पात्र कौन है ?

(A) मातुल

(B) दन्तुल

(C) विलोम

(D) निक्षेप

39. 'भारतदुर्दशा' नाटक के आरम्भ में मंगलाचरण के रूप में किस देवता के अवतार हेतु आराधना की गई है ?

(A) कृष्ण के अवतार हेतु

(B) राम के अवतार हेतु

(C) विष्णु के अवतार हेतु

(D) शिव के अवतार हेतु

40. निम्नलिखित में से कौन-सा नाटक भारतेन्दु हरिशचन्द्र का नहीं है ?

(A) विधासुन्दर

(B) नील देवी

(C) विषस्य विषमौषधम्

(D) नहुष

41. कलाधर के नाम से रचना करने वाले कवि हैं :

(A) सुमित्रानंदन पंत

(B) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

(C) महादेवी वर्मा

(D) जयशंकर प्रसाद

42. 'नवजागरण का अग्रदूत' हिन्दी के किस लेखक को कहा जाता है ?

(A) शिवप्रसाद 'सितारे हिन्द'

(B) भारतेन्दु हरिशचन्द्र

(C) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी

(D) मैथिलीशरण गुप्त

43. भारतेन्दु युग का कौन-सा कवि 'पुष्टि मार्ग' में दीक्षित था ?

(A) बालकृष्ण भट्ट

(B) प्रेमधन

(C) भारतेन्दु हरिशचन्द्र

(D) प्रतापनारायण मिश्र

44. हिन्दी साहित्य में नाटकों का जन्मदाता किसे कहा जाता है ?

(A) जयशंकर प्रसाद

(B) भारतेन्दु हरिशचन्द्र

(C) प्रेमचंद

(D) महादेवी वर्मा

45. जयशंकर प्रसाद का प्रथम नाटक है :

(A) सज्जन

(B) राज्यश्री

(C) कामना

(D) विशाख

46. भारतेन्दु हरिशचन्द्र ने अपने किस नाटक को नाट्य रासक व लास्य रूपक कहा है ?

(A) विषस्य विषमौषधम्

(B) नील देवी

(C) अंधेर नगरी

(D) भारत दुर्दशा

47. कौन-सा नाटक मोहन राकेशकृत नहीं है ?

(A) लहरों के राजहंस

(B) आधे-अधूरे

(C) रक्त कमल

(D) आषाढ़ का एक दिन

48. 'यह कसक अरे आँसू सह जा' यह गीत जयशंकर प्रसाद के किस नाटक का है ?

(A) चन्द्रगुप्त

(B) ध्रुवस्वामिनी

(C) स्कन्दगुप्त

(D) अजातशत्रु

49. 'भारत दुर्दशा' नाटक की रचना करने के पीछे भारतेन्दुजी का उद्देश्य था :

(A) भारतवर्ष की कथित दुर्दशा का वर्णन करना

(B) अंग्रेजी शासन की ब्याजस्तुति करना

(C) भारतीय नागरिकों को अन्याय के विरुद्ध खड़े होने के लिए प्रोत्साहित करना

(D) अन्याप देशों की दुर्दशा से तुलना करके दिखलाना कि भारतवर्ष ओरों से कितना बेहतर है

50. भारतेन्दु हरिशचन्द्र को 'भारतेन्दु' की उपाधि कब प्रदान की गई ?

(A) 1878 ई.

(B) 1880 ई.

(C) 1884 ई.

(D) 1882 ई.

51. 'भोर का तारा' एकांकी का कथानक किसके शासन से सम्बन्धित है ?

(A) चन्द्रगुप्त प्रथम

(B) समुद्रगुप्त

(C) कुमारगुप्त

(D) स्कंदगुप्त

52. 'भोर का तारा' एकांकी के रचनाकार कौन हैं ?

(A) उपेन्द्रनाथ 'अश्क'

(B) जगदीशचन्द्र माथुर

(C) भुवनेश्वर

(D) डॉ. रामकुमार वर्मा

53. 'भोर का तारा' एकांकी संग्रह का प्रकाशन वर्ष है :

(A) 1944 ई.

(B) 1946 ई.

(C) 1948 ई.

(D) 1950 ई.

54. जगदीशचन्द्र माथुर का पहला एकांकी कौन-सा था ?

(A) मेरी बाँसुरी

(B) भोर का तारा

(C) कलिंग विजय

(D) रीढ़ की हड्डी

55. ‘छाया’ निम्नलिखित में से किस एकांकी की स्त्री पात्र है ?

(A) कौमुदी महोत्सव

(B) स्ट्राइक

(C) लक्ष्मी का स्वागत

(D) भोर का तारा

56. ‘भोर का तारा’ एकांकी का प्रमुख पात्र है :

(A) रोशन

(B) शेखर

(C) श्रीचंद

(D) चन्द्रगुप्त

57. कवि शेखर के महाकाव्य का नाम क्या है ?

(A) तुम्हारे गीत

(B) मेरी बाँसुरी

(C) उर्वशी

(D) भोर का तारा

58. ‘भोर का तारा’ एकांकी में ‘छाया’ के भाई का क्या नाम है, जो युद्ध में वीरगति को प्राप्त होता है ?

(A) माधव

(B) आर्य देवदत्त

(C) स्कन्दगुप्त

(D) शेखर

59. ‘भोर का तारा’ एकांकी में तोरमाण कौन था ?

(A) शेखर का मित्र

(B) तक्षशिला का शासक

(C) हूणों का सरदार

(D) छाया का भाई

60. शेखर ने अपने जीवन में कौन-सी दो साधनाएँ बताईं ?

(A) छाया का प्यार ओर राजनीति

(B) कविता और राजनीति

(C) छाया का प्यार और कविता

(D) कविता और युद्ध

61. अलका किसके साथ मिलकर चन्द्रगुप्त को मारने का षड्यंत्र रचती है ?

(A) यशोवर्मन

(B) वसुगुप्त

(C) चाणक्य

(D) पुष्पदैव

62. “कविता तो कोमल हृदयों की चीज है, मुझ जैसे कामकाजी राजनीतिज्ञों और सैनिकों के तो छूने भर से मुरझा जायेगी।”

उपर्युक्त कथन किसका है ?

(A) शेखर

(B) देवदत्त

(C) माधव

(D) स्कन्दगुप्त

63. ‘कौमुदी महोत्सव’ एकांकी में अलका कौन थी ?

(A) राजकुमारी

(B) राजमाता

(C) राजनर्तकी

(D) दासी

64. चाणक्य और चन्द्रगुप्त मौर्य किस प्राचीन शिक्षा केन्द्र के विद्यार्थी थे ?

(A) नालंदा

(B) तक्षशिला

(C) विक्रमशिला

(D) बल्लभी

65. “आज मधुमय कुसुमों के द्वार-द्वार पर है, अलिका गुंजन।”

उपर्युक्त पंक्तियाँ किस रचना से हैं ?

(A) भोर का तारा

(B) भारत दुर्दशा

(C) आषाढ़ का एक दिन

(D) कौमुदी महोत्सव

66. ‘पृथ्वीराज की आँखें’ निम्नलिखित में से किसका प्रथम एकांकी संग्रह है ?

(A) रामकुमार वर्मा

(B) उपेन्द्रनाथ ‘अश्क’

(C) जगदीशचन्द्र माथुर

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

67. डॉ. रामकुमार वर्मा द्वारा रचित प्रथम एकांकी कौन-सा है ?

(A) बादल की मृत्यु

(B) कौमुदी महोत्सव

(C) रेशमी टाई

(D) भोर का तारा

68. हिन्दी एकांकी का जनक किसे माना जाता है ?

(A) जयशंकर प्रसाद

(B) उपेन्द्रनाथ ‘अश्क’

(C) डॉ. रामकुमार वर्मा

(D) जगदीशचन्द्र माथुर

69. ‘कौमुदी महोत्सव’ किसकी रचना है ?

(A) भुवनेश्वर

(B) रामकुमार वर्मा

(C) मोहन राकेश

(D) जगदीशचन्द्र माथुर

70. ‘कौमुदी महोत्सव’ एकांकी में किस शासक के शासन का प्रसंग लिया गया है ?

(A) चन्द्रगुप्त प्रथम

(B) चन्द्रगुप्त मौर्य

(C) समुद्रगुप्त

(D) अशोक

71. ‘कौमुदी महोत्सव’ किस पृष्ठभूमि पर लिया गया एकांकी है ?

(A) सामाजिक

(B) राजनीतिक

(C) ऐतिहासिक

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

72. ‘अलका’ निम्नलिखित में से किस एकांकी की पात्र है ?

(A) भोर का तारा

(B) लक्ष्मी का स्वागत

(C) स्ट्राइक

(D) कौमुदी महोत्सव

73. ‘कौमुदी महोत्सव’ एकांकी में चाणक्य द्वारा हस्तक्षेप किस बात का सूचक है ?

(A) उनकी दूरदृष्टि का

(B) उत्सवों के प्रति उदासीनता का

(C) चन्द्रगुप्त से ईर्ष्या का

(D) ऊपर से अनुकूल दिखाई देने वाली परिस्थितियों के पीछे चल रहे दुश्चक्रों की क्षमता का

74. ‘लक्ष्मी का स्वागत’ एकांकी के रचनाकार कौन हैं ?

(A) डॉ. रामकुमार वर्मा

(B) उपेन्द्रनाथ ‘अश्क’

(C) निर्मल वर्मा

(D) जगदीशचन्द्र माथुर

75. ‘रोशन’ निम्नलिखित में से किस एकांकी का पात्र है ?

(A) कौमुदी महोत्सव

(B) भोर का तारा

(C) स्ट्राइक

(D) लक्ष्मी का स्वागत

76. निम्नलिखित में से कौन ‘लक्ष्मी का स्वागत’ एकांकी का पात्र नहीं है ?

(A) सुरेन्द्र

(B) श्रीचन्द

(C) रोशन

(D) अरुण

77. निम्नलिखित में से कौन-सा नाटक उपेन्द्रनाथ ‘अश्क’ द्वारा रचित है ?

(A) आधे-अधूरे

(B) अंजो दीदी

(C) आषाढ़ का एक दिन

(D) भारत दुर्दशा

78. ‘लक्ष्मी का स्वागत’ एकांकी में रोशन के पुत्र का क्या नाम है ?

(A) भाषी

(B) सुरेन्द्र

(C) अरुण

(D) वरुण

79. ‘लक्ष्मी का स्वागत’ एकांकी में रोशन का पुत्र किस बीमारी से ग्रसित है, जिससे उसकी मृत्यु हो जाती है ?

(A) चेचक

(B) डिप्थीरिया

(C) हैजा

(D) कैंसर

80. रोशन दूसरा विवाह क्यों नहीं करना चाहता था ?

(A) क्योंकि वह दहेज चाहता था।

(B) क्योंकि वह अपनी पत्नी की मृत्यु व पुत्र की बीमारी से दु:खी था।

(C) क्योंकि वह किसी अन्य स्त्री से विवाह करना चाहता था।

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

81. निम्नलिखित में से रोशन के भाई का क्या नाम था ?

(A) सुरेन्द्र

(B) अरुण

(C) भाषी

(D) शेखर

82. रोशन की पत्नी जिसकी मृत्यु हो चुकी थी, उसका क्या नाम था ?

(A) विमला

(B) सरला

(C) माया

(D) अलका

83. ‘लक्ष्मी का स्वागत’ एकांकी में लेखक ने किस समस्या पर करारा व्यंग्य किया है ?

(A) स्वास्थ्य

(B) स्वाधीनता

(C) दाम्पत्य जीवन

(D) दहेज प्रथा तथा संवेदनहीनता

84. निम्नलिखित में से भुवनेश्वर द्वारा रचित एकांकी कौन-सा है ?

(A) भोर का तारा

(B) लक्ष्मी का स्वागत

(C) स्ट्राइक

(D) कौमुदी महोत्सव

85. श्रीचंद निम्नलिखित में से किस एकांकी का मुख्य पात्र है ?

(A) स्ट्राइक

(B) लक्ष्मी का स्वागत

(C) भोर का तारा

(D) कौमुदी महोत्सव

86. ‘स्ट्राइक’ एकांकी मूलत: किस समस्या पर लिखा गया है ?

(A) राजनीतिक

(B) सामाजिक

(C) औद्योगिक

(D) दाम्पत्य जीवन

87. श्रीचंद वकालत छोड़कर क्या बन जाता है ?

(A) डॉक्टर

(B) शिक्षक

(C) उद्योगपति

(D) राजनेता

88. ‘कारवाँ’ किसका एकांकी संग्रह है ?

(A) उपेन्द्रनाथ ‘अश्क’

(B) रामकुमार वर्मा

(C) जगदीशचन्द्र माथुर

(D) भुवनेश्वर

89. प्रसिद्ध कहानीकार भुवनेश्वर का जन्म कहाँ हुआ था ?

(A) कानपुर

(B) फर्रुखाबाद

(C) शाहजहाँपुर

(D) आगरा

90. मशीन की एक पुली दूसरी पुली को नापने-जोखने समझने नहीं जाती। स्त्री-पुरुष तो जिन्दगी की मशीन के दो पुरजे हैं।”

उपर्युक्त पंक्तियाँ किस एकांकी से ली गई हैं ?

(A) लक्ष्मी का स्वागत

(B) भोर का तारा

(C) स्ट्राइक

(D) कौमुदी महोत्सव

91. निम्नलिखित में से किस एकांकीकार पर अंग्रेजी साहित्यकार ‘इब्सन’ और ‘शॉ’ का प्रभाव है तथा इन्होंने सामाजिक यौन और दाम्पत्य समस्याओं को उभारा है ?

(A) रामकुमार वर्मा

(B) उपेन्द्रनाथ ‘अश्क’

(C) जगदीशचन्द्र माथुर

(D) भुवनेश्वर प्रसाद

92. “दुनिया का भविष्य उचित समय पर उचित काम करने वालों के हाथ में है—दुनिया की सारी दौलत, सारा आराम, सारा जस उसका है, जो अपनी जगह पर कायम है।”

उपर्युक्त पंक्तियाँ किस एंकाकी से हैं ?

(A) कौमुदी महोत्सव

(B) भोर का तारा

(C) लक्ष्मी का स्वागत

(D) स्ट्राइक

93. निम्नलिखित में से कौन-सा पात्र ‘आषाढ़ का एक दिन’ का नहीं है ?

(A) विलोम

(B) मातुल

(C) दन्तुल

(D) महेन्द्रनाथ

94. किस एकांकीकार को एकांकी सम्राट कहा जाता है ?

(A) भुवनेश्वर

(B) उपेन्द्रनाथ 'अश्क'

(C) उदयशंकर भट्ट

(D) डॉ. रामकुमार वर्मा

95. निम्नलिखित में से कौन-सा एकांकी जगदीशचन्द्र माथुर द्वारा लिखित नहीं है ?

(A) मेरी बाँसुरी

(B) मकड़ी का जाला

(C) ओ मेरे सपने

(D) स्ट्राइक

96. डॉ. रामकुमार वर्मा के किस एकांकी को आधुनिक ढंग का पहला एकांकी माना जाता है ?

(A) पृथ्वीराज की आँखें

(B) रेशमी टाई

(C) कौमुदी महोत्सव

(D) बादल की मृत्यु

97. निम्नलिखित में से 'कोणार्क' किस लेखक की रचना है ?

(A) लक्ष्मीनारायण लाल

(B) विष्णु प्रभाकर

(C) सुदर्शन

(D) जगदीशचन्द्र माथुर

98. जयशंकर प्रसाद की कौन-सी नाट्य रचना गीत रहित है ?

(A) कल्याणी परिणय

(B) अजातशत्रु

(C) जनमेजय का नागयज्ञ

(D) प्रायश्चित

99. "कोऊ नहि पकरत मेरो हाथ
बीस कोटि सुत होत फिरत में हा हा होय अनाथ।"

उपर्युक्त पक्तियाँ किस नाट्य रचना से ली गई हैं ?

(A) आधे-अधूरे

(B) आषाढ़ का एक दिन

(C) अंधा युग

(D) भारत दुर्दशा

100. "पैरों के नीचे जलधर हो,
बिजली से उनका खेल चले।
संकीर्ण कंगारो के नीचे
शत्-शत् झरने बेमेल चले।"

निम्नांकित गीत की पंक्तियाँ किसके द्वारा कहीं गई हैं ?

(A) कोमा

(B) चन्द्रगुप्त

(C) रामगुप्त

(D) मन्दाकिनी

4. Four alternative answers are mentioned for each question as—A, B, C & D in the booklet. The candidate has to choose the correct answer and mark the same in the OMR Answer-Sheet as per the direction :

**Example :**

**Question :**

Q. 1 (A) ● (C) (D)
Q. 2 (A) (B) ● (D)
Q. 3 (A) ● (C) (D)

Illegible answers with cutting and over-writing or half filled circle will be cancelled.

5. Each question carries equal marks. Marks will be awarded according to the number of correct answers you have.

6. All answers are to be given on OMR Answer sheet only. Answers given anywhere other than the place specified in the answer sheet will not be considered valid.

7. Before writing anything on the OMR Answer Sheet, all the instructions given in it should be read carefully.

8. After the completion of the examination candidates should leave the examination hall only after providing their OMR Answer Sheet to the invigilator. Candidate can carry their Question Booklet.

9. There will be no negative marking.

10. Rough work, if any, should be done on the blank pages provided for the purpose in the booklet.

11. To bring and use of log-book, calculator, pager and cellular phone in examination hall is prohibited.

12. In case of any difference found in English and Hindi version of the question, the English version of the question will be held authentic.

**Impt. :** On opening the question booklet, first check that all the pages of the question booklet are printed properly. If there is ny discrepancy in the question Booklet, then after showing it to the invigilator, get another question Booklet of the same series.

4. प्रश्न-पुस्तिका में प्रत्येक प्रश्न के चार सम्भावित उत्तर— A, B, C एवं D हैं। परीक्षार्थी को उन चारों विकल्पों में से सही उत्तर छाँटना है। उत्तर को OMR आन्सर-शीट में सम्बन्धित प्रश्न संख्या में निम्न प्रकार भरना है :

उदाहरण :

प्रश्न :

प्रश्न 1 (A) ● (C) (D)
प्रश्न 2 (A) (B) ● (D)
प्रश्न 3 (A) ● (C) (D)

अपठनीय उत्तर या ऐसे उत्तर जिन्हें काटा या बदला गया है, या गोले में आधा भरकर दिया गया, उन्हें निरस्त कर दिया जाएगा।

5. प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं। आपके जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक प्रदान किये जायेंगे।

6. सभी उत्तर केवल ओ. एम. आर. उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) पर ही दिये जाने हैं। उत्तर-पत्रक में निर्धारित स्थान के अलावा अन्यत्र कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा।

7. ओ. एम. आर. उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) पर कुछ भी लिखने से पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया जाये।

8. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त परीक्षार्थी कक्ष निरीक्षक को अपनी OMR Answer Sheet उपलब्ध कराने के बाद ही परीक्षा कक्ष से प्रस्थान करें। परीक्षार्थी अपने साथ प्रश्न-पुस्तिका ले जा सकते हैं।

9. निगेटिव मार्किंग नहीं है।

10. कोई भी रफ कार्य, प्रश्न-पुस्तिका के अन्त में, रफ-कार्य के लिए दिए खाली पेज पर ही किया जाना चाहिए।

11. परीक्षा-कक्ष में लॉग-बुक, कैलकुलेटर, पेजर तथा सेल्युलर फोन ले जाना तथा उसका उपयोग करना वर्जित है।

12. प्रश्न के हिन्दी एवं अंग्रेजी रूपान्तरण में भिन्नता होने की दशा में प्रश्न का अंग्रेजी रूपान्तरण ही मान्य होगा।

महत्वपूर्ण : प्रश्नपुस्तिका खोलने पर प्रथमतः जाँच कर देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पृष्ठ भलीभाँति छपे हुए हैं। यदि प्रश्नपुस्तिका में कोई कमी हो, तो कक्षनिरीक्षक को दिखाकर उसी सिरीज की दूसरी प्रश्न-पुस्तिका प्राप्त कर लें।